Title : Regarding re-development of Airport in Maldaha Uttar Parliamentary Constituency, West Bengal-laid

**श्री खगेन मुर्मु (माल्दहा उत्तर) :** मैं अपने क्षेत्र लोक सभा क्षेत्र माल्दहा उत्तर में हवाई अड्डे के विकास एवं संचालन की आवश्यकता की तरफ सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ । मै कई बार इसकी आवश्यकता का बोध मंत्रालय को करवा चुका हूं । मालदा में हवाई अड्डा वहां के लोगों की जरूरत है, चाहे वो यातायात को सुगम बनाने के दृष्टिकोण से हो या फिर व्यापारिक दृष्टिकोण से या फिर सुरक्षा की दृष्टिकोण से मालदा जिला भारत-बांग्लादेश सीमा पर स्थित है, जो लगभग 165.5 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा साझा करता है । यह क्षेत्र रणनीतिक दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील है । मालदा में 1962 में 144 एकड़ भूमि पर एयरपोर्ट का निर्माण हुआ था, परंतु रनवे की लंबाई केवल 1,097 मीटर होने के कारण इसका संचालन नहीं हो सका । वर्तमान में निकटतम कार्यरत सक्रिय हवाई अड्डा बागडोगरा (241 किलोमीटर) और कोलकाता (323 किलोमीटर) की दूरी पर स्थित हैं । सीमावर्ती क्षेत्र में किसी भी संभावित सुरक्षा खतरे का मुकाबला करने के लिए मालदा एयरपोर्ट का पुनरुद्धार और उसे रक्षा उपयोग के लिए विकसित करना अत्यंत आवश्यक है । अतः मैं आपसे निवेदन करता हूँ कि मालदा एयरपोर्ट को रक्षा उपयोग के लिए विकसित एवं संचालित करने हेतु शीघ्र आवश्यक कदम उठाए जायें ।